Regarding need to restart Marathwada Rail Coach Factory-laid

डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे (लातूर) : मैं रेल मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने 13 मार्च 24 को लातूर (महाराष्ट्र) में मराठवाड़ा रोज़गार पैदा करने के माध्यम से मराठवाड़ा रेल कोच फैक्ट्री का उद्घाटन किया था । यह खेद का विषय है कि पिछले चार महीनों में, एमसीएफ इस संबंध में कोई प्रगति करने में विफल रहा है, जिससे हजारों स्थानीय बेरोजगार युवा निराश हुए हैं । मैं रेल मंत्री से आग्रह करता हूं कि मराठवाड़ा रेल कोच फैक्ट्री को यथाशीघ्र चालू करने में हो रहे अत्यधिक विलंब पर ध्यान दे और इस कार्य को प्रगति से बढ़ाये ।